# <u>उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज</u> ।

पत्रांक–1486/ 71 /चयन/2019–20 दिनांकः 23.5.2019

## <u>विज्ञप्ति</u>

याचिका संख्या–6497/2019, प्रदीप कुमार विश्वकर्मा बनाम उ0प्र0 शासन में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 21.5.2019 को निम्नलिखित आदेश दिया गया हैः–

An affidavit has been filed by the Secretary, U.P. Secondary Education Services Selection Board that an extraordinary meeting has been fixed on 22.5.2019 to consider the situation emerging out of the decision taken by the Selection Board to not grant appointment to the petitioner despite the Selection Board having given appointment to Om Prakash Singh Yadav and one another person in similar facts and circumstances.

As prayed, put up as fresh on 24 May 2019.

Order Date :- 21.5.2019

माननीय उच्च न्यायालय के उपर्युक्त आदेश के क्रम में उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की बैठकें दिनांक 22.5.2019 को हुयी। याची से सम्बन्धित प्रकरण पर विज्ञापन सख्या–01/2005 प्रशिक्षित स्नातक, सामाजिक विज्ञान के विज्ञापित पदों में से अवशेष 09 पदों को भरे जाने के सन्दर्भ में निर्णय लेने से पूर्व निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार किया गया–

1. याचिका सं0–40377/2008 में संचालित न होने वाली संस्थाओं, माननीय उच्च न्यायालय के अन्तरिम आदेश से पद भर जाने, एक ही अधियाचन के दुबारा प्राप्त होने, सामाजिक विज्ञान के स्थान पर अन्य विषयों का अधियाचन प्राप्त होने तथा कोई अधियाचन प्राप्त न होने के कारण 57 पदों को विज्ञापित 399 पदों में से घटाकर शेष 342 पदों के सापेक्ष चयन प्रक्रिया पूर्ण करने का आदेश माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 30.11.2009 को दिया गया था। चयन बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या–741/2009 दिनांक 01.5.2009 द्वारा 197 तथा विज्ञप्ति संख्या–1005/2011–12 दिनांक 23.9.2011 द्वारा 136 कुल 333 पदों पर चयन प्रक्रिया पूर्ण करते हुए पैनल सम्बंधित जनपदों को प्रेषित किया गया । 09 संचालित न होने वाली संस्थाओं के प्रति तत्समय पैनल प्रेषित नहीं किया गया, क्योंकि ऐसे पदों को घटाकर चयन प्रक्रिया पूर्ण करने का आदेश माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया था।
2. 342 पदों के सापेक्ष 333 पदों पर चयन होने से शेष 09 पदों पर चयन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु ओम प्रकाश सिंह यादव व एक अन्य द्वारा याचिका संख्या–22272/2012 माननीय उच्च न्यायालय में दाखिल की गई जो दिनांक 02 फरवरी 2018 को खारिज हो गयी। तत्पश्चात् श्री ओमप्रकाश सिंह यादव व एक अन्य द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के इस आदेश के विरूद्व विशेष अपील संख्या–219/2018 दाखिल की गयी जिसमें मानननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 20.03.2018 द्वारा 09 अवशेष पदों के सापेक्ष अपीलकर्ता के मामले पर विचार किये जाने

का निर्देश दिया गया । इस आदेश का अनुपालन न होने से याचीगण द्वारा अवमानना याचिका संख्या–4367/2018 दाखिल की गयी जिसमें माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु अवसर देते हुए दिनांक 13.11.2018 की तिथि सुनवाई हेतु निश्चित की गयी। तत्पश्चात् विधिक् राय प्राप्त करके विशेष अपील में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के समादर में चयन बोर्ड की विज्ञप्ति सख्या– 1409/2018–19 दिनांक 30.102018 द्वारा 02 याचीगण श्री ओमप्रकाश सिंह यादव व श्री राजकिशोर यादव को वर्तमान में अधियाचित पदों के सापेक्ष समायोजित करते हुए इनका पैनल प्रेषित किया गया ।

3. पुनः विज्ञापन सख्या–01/2005 प्रशिक्षित स्नातक, सामाजिक विज्ञान में विज्ञापित 07 पदों पर चयन प्रकिया अवशेष होने को लेकर प्रदीप कुमार विश्वकर्मा द्वारा सन्दर्भगत याचिका दाखिल की गयी है, जिसमें इन पदों पर नियुक्त किये जाने की मॉग की गयी है। इस सन्दर्भ में विधिक् राय प्राप्त की गयी। यह विदित हुआ कि विशेष अपील या अवमानना याचिका में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा ऐसा कोई आदेश नहीं दिया गया है कि विज्ञापित 09 पदों के बाहर चयन बोर्ड पदों को भरने की कार्यवाही करे। अतएव अविज्ञापित पदों के सापेक्ष पद भरे जाने के पूर्व के निर्णय दिनांक 26.10.2018 पर पुनर्विचार का अवसर बनता है। अविज्ञापित पदों पर संस्तुत 02 अभ्यर्थी ओमप्रकाश सिंह यादव व राजकिशोर यादव के पूर्व प्रेषित पैनल में संशोधन किये जाने में कोई विधिक बाधा होना नहीं बताया गया है।

याची श्री प्रदीप कुमार विश्वकर्मा विज्ञापित 09 पदों के सापेक्ष ही नियुक्त किये जाने की मॉग कर रहे हैं, इसलिए इन 09 पदों के प्रति याची की संस्तुति करने पर चयन बोर्ड द्वारा विचार किये जाने की आवश्यकता पायी गयी।

उपर्युक्त स्थिति एवं प्राप्त विधिक् राय के दृष्टिगत उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 22.5.2019 को अधोलिखित निर्णय लिया गया:–

1. चूँकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विज्ञापन संख्या–01/2005 प्रशिक्षित स्नातक, सामाजिक विज्ञान के विज्ञापित पदों में से 09 अवशेष पदों के प्रति चयन पर विचार किये जाने का आदेश दिया गया था, इसलिए इस विज्ञापन से बाहर वर्ष 2017 के अधियाचित पदों पर चयन बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या–1409/2018–19 दिनांक 30.10.2018 द्वारा सर्वहितकारी इण्टर कालेज, मीतली गौरीपुर,बागपत में श्री ओमप्रकाश सिंह यादव तथा जनता इण्टर कालेज, अम्बेहटा चॉद सहारनपुर में श्री राजकिशोर यादव की संस्तुति को समाप्त करते हुऐ उनकी संस्तुति भी विज्ञापित 09 पदों के सापेक्ष मेरिट के अनुसार किया गया। याची श्री प्रदीप कुमार विश्वकर्मा द्वारा 09 अवशेष विज्ञापित पदों के प्रति चयन किये जाने हेतु याचिका योजित की गयी है,इसलिए इन पदों के सापेक्ष ही मेरिट के अनुसार इनके प्रकरण पर भी विचार किया गया।
2. विज्ञापन संख्या–01/2005 प्रशिक्षित स्नातक सामाजिक विज्ञान के विज्ञापित 09 पद ऐसे संस्थाओं के थे, जो संचालित नहीं हैं, इसमें सामान्य श्रेणी के 01, अन्य पिछडा वर्ग के 06 एवं अनुसूचित जाति के 02 पद हैं। पूर्व निर्गत चयन में सामान्य श्रेणी की कटआफ 442.333, अन्य पिछडा वर्ग की कटआफ मेरिट 438.666 तथा अनुसूचित जाति की कटआफ मेरिट 401.066 है। सामान्य श्रेणी के 01, अन्य पिछडा वर्ग के 06 एवं अनुसूचित जाति के 02 पदों पर मेरिट से अगले अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

3. अन्य पिछडा वर्ग में कटआफ मेरिट 438.666 के नीचे एक ही मेरिट 438.600 पर 11 अभ्यर्थी हैं। उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(8) के अनुसार यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर अंक प्राप्त करें तो उस अभ्यर्थी का नाम पैनल में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा जो अधिक आयु का हो। इस व्यवस्था के अनुसार 06 अभ्यर्थियों का चयन किया गया,जिसमें पूर्व चयनित अभ्यर्थी श्री राज किशोर यादव चयन की परिधि में नहीं आयेंगे इसलिए इनका पूर्व निर्गत पैनल निरस्त किया गया।
4. सामान्य श्रेणी में कटआफ मेरिट 442.333 पर एक और अभ्यर्थी श्री अनिल कुमार सिंह है इसलिए सामान्य श्रेणी के 01 पद पर इनका चयन किया गया। इसी प्रकार अनुसूचित जाति के 02 पदों पर कटआफ मेरिट 401.066 के बाद 401.00 एवं 400.870 के अभ्यर्थी कमशः श्री मनोज कुमार व श्री राजकुमार का चयन किया गया ।
5. चयन बोर्ड द्वारा लिये गये उपरोक्त निर्णय के अनुसार विज्ञापन संख्या–01/2005 प्रशिक्षित स्नातक, सामाजिक विज्ञान के विज्ञापित पदों में से अवशेष 09 पदों के सापेक्ष संस्था आबंटन करके चयन की संस्तुति की गयी है, जिसका विवरण संलग्नक–01 पर संलग्न है।

सचिव
उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड
प्रयागराज।

# उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

संलग्नक – 01

## विज्ञापन संख्या 01/2005 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक सामाजिक विज्ञान

याचिका संख्या 6497/2019 (प्रदीप कुमार विश्वकर्मा बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य) में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 21.05.2019 के क्रम बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय दिनांक 22.05.2019 के अनुसार विज्ञापन संख्या 01/2005 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक सामाजिक विज्ञान के विज्ञापित पदों में से अवशेष 9 पदों के सापेक्ष संस्थावार आवंटन।

| क्रम | अनुक्रमांक | नाम | पिता का नाम | पता | जन्मतिथि | वर्ग | श्रेणी | मेरिट | आवंटित संस्था |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 020916761 | अनिल कुमार सिंह | राजेन्द्र सिंह | 137/सी मातृछाया लाजें चांदपुर सलोरी तेलियरगंज, इलाहाबाद। | 08-07-74 | M | GEN | 442.333 | जनता उ0मा0 विद्यालय, आजमपुर, बिजनौर। |
| 2 | 020918620 | रविप्रकाश | शिव पूजन | 135/29 सी छोटा बघाड़ा प्रयाग इलाहाबाद | 25-02-69 | M | OBC | 438.600 | जनता विद्यालय इण्टर कालेज, बकेवर, इटावा। |
| 3 | 020912427 | प्रदीप कुमार विश्वकर्मा | राम बरन विश्वकर्मा | एस/11 बी एच एस, रामानन्द नगर अल्लापुर इलाहाबाद। | 30-06-75 | M | OBC | 438.600 | मुलायम सिंह इण्टर कालेज, रायनगर, इटावा। |
| 4 | 020918001 | ओम प्रकाश सिंह यादव | छोटू सिंह यादव | 544/426/19 ए बख्शी खुर्द दारागंज इलाहाबाद। | 20-07-75 | M | OBC | 438.600 | के0पी0 इण्टर कालेज, सादपुर, जे0पी0 नगर। |
| 5 | 090911312 | विनोद कुमार | सूर्यबली यादव | 13/5 टाइप III सेक्रेटेरियट कालोनी सेक्सन डी रिंग रोड अलीगंज, लखनऊ। | 10-08-76 | M | OBC | 438.600 | दयानन्द उ0मा0 विद्यालय सैदनगली, जे0पी0 नगर। |
| 6 | 090912257 | संजीव कुमार | राम भरोसे लाल | वी0पी0ओ0 मकसूदपुर, लखीमपुर खीरी | 04-03-77 | M | OBC | 438.600 | दयानन्द उ0मा0 विद्यालय सैदनगली, जे0पी0 नगर। |
| 7 | 030912978 | राम बहादुर सिंह | भजन लाल | ग्राम आनेपुर, पो0 महेवा, इटावा | 20-05-77 | M | OBC | 438.600 | सर्वोदय इण्टर कालेज, साफर, औरैयां। |
| 8 | 020913651 | मनोज कुमार | पन्ना लाल | द्वारा अफाक अहमद 68/2, सलोरी, तेलियरगंज, इलाहाबाद। | 10-07-83 | M | SC | 401.000 | किसान इण्टर कालेज, ड्योढी, वाजिदपुर, जे0पी0 नगर। |
| 9 | 030912530 | राज कुमार | शिव करण राम | 4/24 जूही हरी कालोनी कानपुर | 04-10-89 | M | SC | 400.870 | वी0के0जी0एस0 इण्टर कालेज, परखम, मथुरा। |

23-05-2019

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।